मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 11, मुंबई, सोमवार, 26 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI
मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W),Tel. : 288 99 501.

दुबई से कपड़ों में स्प्रे करके लाया 50 लाख से अधिक का सोना

77 लाख के अन्य सामान भी पुलिस ने किया बरामद

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। पिछले कुछ सालों में महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट में करोड़ों का सोना जब्त किया गया है। सोने की तस्करी के लिए ये एयरपोर्ट में चर्चा में बना हुआ है। एक बार फिर यहां कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने 50 लाख का सोना और 77 लाख की घड़ियों के साथ करोड़ों रुपये का सामान जब्त किया है। कस्टम यूनिट ने आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी यात्री का नाम मोहम्मद मोगर अब्बास है। वह यूएई के शारजाह से (शेष पृष्ठ 3 पर)

मस्जिद में रखी मूर्ति...

पथराव-लाठीचार्ज, संभाजी नगर में बवाल

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के औरंगाबाद यानी की छत्रपति संभाजी नगर में एक बार फिर सांप्रदायिक तनाव की स्थिति है। शनिवार को यहां एक मस्जिद में देव प्रतिमा और शिवलिंग मिलने पर लोगों ने जम कर हंगामा किया। दूसरे पक्ष ने भी जवाब देने की कोशिश और देखते ही देखते हुए दोनों पक्षों की ओर से पथराव भी हुआ। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इससे दोनों पक्षों के दर्जनों लोग घायल हुए हैं। फिलहाल मौके पर तनाव पूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक इस संबंध में अज्ञात दंगाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामला संभाजी नगर के खुलताबाद तालुका में नंदराबाद परिसर की है। पुलिस के मुताबिक यहां खंडहर रूप में एक पुरानी मस्जिद है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

तनाव के बाद चप्पे-चप्पे पर पुलिस

मस्जिद की जमीन को लेकर है विवाद

स्थानीय लोगों के मुताबिक इस मस्जिद को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। हिन्दू पक्ष का आरोप है कि यह जमीन मंदिर की है, लेकिन मुस्लिम पक्ष ने अवैध तरीके से कब्जा कर यहां मस्जिद बना रखा है। वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यहां सैकड़ों वर्ष पुरानी मस्जिद थी और हाल के दिनों तक यहां नमाज हो रहा है। हालांकि भवन क्षतिग्रस्त होने की वजह से कुछ वर्षों पहले यहां नमाज पढ़ना बंद हो गया। फिलहाल मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मुंबई मॉरीशस फ्लाइट में 5 घंटे तक फंसे रहे यात्री

कइयों की तबीयत हुई खराब

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। हाल फिलहाल में एयरलाइंस की लापरवाही की कई खबरें सामने आ रही है, जिसमें कभी इंजन में परेशानी है तो कभी यात्री किसी और परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इसी तरह की एक घटना मुंबई से मॉरीशस के लिए उड़ान भरने वाली एयर मॉरीशस की उड़ान एमके749 में भी देखने को मिली। फ्लाइट में आयी खराबी की वजह से कई लोगों की तबीयत भी काफी बिगड़ गई। इसके साथ ही अन्य कई मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा। दरअसल, यह घटना 24 फरवरी को घटी, जब मुंबई से मॉरीशस के लिए जाने वाली फ्लाइट के इंजन में अचानक से गड़बड़ी आ गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

नागपुर में फोटो जर्नलिस्ट की हत्या

घर के अंदर घुसकर गोलियों से भूना, सीसीटीवी में कैद हुआ कातिल



मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर में एक प्रेस फोटोग्राफर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई है। प्रेस फोटोग्राफर की हत्या उसके ही घर में घुसकर की गई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया। फिलहाल पुलिस आरोपी की शिनाख्त के बाद उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है। वहीं फोटोग्राफर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने जांच के लिए टीम बनाई है और आरोपी के गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक विनय उर्फ बबलू पुणेकर राजनगर इलाके में रहते थे। (शेष पृष्ठ 3 पर)

पुलिस का दावा, जल्द करेंगे गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक जिसने भी विनय की हत्या की वह शातिर था लेकिन जब वह विनय के घर से बाहर निकल रहा था तो उसकी वीडियो घर के सामने लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। पूरे मामले में शहर के डीसीपी राहुल मदने ने बताया कि वह जल्द ही सीसीटीवी की मदद से आरोपी को गिरफ्तार करेंगे। मृतक के परिजनों से भी पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। हत्या के पीछे की वजह भी पुलिस तलाश कर रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

भारत की रूस चिंता

विदेश मंत्री जयशंकर के हालिया भाषणों से भारत की यह इच्छा जाहिर होती है कि पश्चिमी देश भारतीय जरूरतों के मुताबिक अपनी नीतियों को ढालें। वे ऐसा रुख ना अपनाएं, जिससे रूस ज्यादा से ज्यादा चीन के करीब चला जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते एक जर्मन अखबार को दिए इंटरव्यू में पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले का बचाव किया। कहा कि मॉस्को ने कभी भी भारत के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। दोनों देशों के बीच हमेशा स्थिर और दोस्ताना संबंध रहे हैं। ये बात जयशंकर ने ठीक उस समय कही, जब रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत से पश्चिमी देश भड़के हुए थे। साथ ही यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने वाले थे। इस मौके पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर पांच सौ नए प्रतिबंध लगाने का एलान किया, जिसके दायरे में रूस से कारोबार करने वाली कुछ भारतीय कंपनियां भी आ गई हैं। उसी माहौल के बीच नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि पश्चिमी देशों को चाहिए कि वे दरवाजे बंद करने के बजाय रूस को अधिक विकल्प उपलब्ध कराएं, ताकि वह चीन के ज्यादा करीब ना चला जाए। विदेश मंत्री ने यहां चीन के खिलाफ अपनी नाराजगी फिर जताई। कहा कि चीन को माइंड गेम खेलने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, जो अन्य देशों को सहभागियों के साथ मिलकर काम करने से रोकना चाहता है। निहितार्थ यह कि चूंकि भारत ने अमेरिका के साथ सहभागिता बनाई है, इसलिए चीन ने भारत के खिलाफ सख्त रुख अपना रखा है। वह चाहता है कि भारत अमेरिका से दूरी बनाए, तब वह 2020 में सीमा पर बने गतिरोध को दूर करने पर राजी होगा। जयशंकर के इन भाषणों से भारत की यह इच्छा जाहिर होती है कि पश्चिमी देश भारतीय जरूरतों के मुताबिक अपनी नीतियों को ढालें। संभवतः भारत सरकार की समझ यह है कि अमेरिका की चीन विरोधी रणनीति में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए वह पश्चिमी नीति को प्रभावित कर सकने की स्थिति में है। मगर असल में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। निज्जर और पन्नूं मुद्दों के बाद तो स्थितियां और प्रतिकूल हो गई हैं। ऐसे में रूस भले भारत के लिए महत्त्वपूर्ण हो, लेकिन उस वजह से पश्चिम की सोच ढलेगी, इसकी न्यूनतम संभावना ही है।

सहायक डाक अधीक्षक अरुण मंडल को सहायक डाक निदेशक पद पर मिली पदोन्नति को ले हुआ विदाई सह सम्मान समारोह

अरुण कुमार मंडल के कार्य कलापों से अधिकारियों और कर्मियों के बीच नहीं रही गैप - डॉ अरविन्द वर्मा, चेयरमैन

मुंबई हलचल/संवाददाता

खगड़िया (बिहार)। मुख्य डाकघर प्रांगण में सहायक डाक अधीक्षक (पूर्वी) अरुण कुमार मंडल की प्रोन्नति सहायक निदेशक, डाक महाध्यक्ष (पूर्वी), भागलपुर के पद पर होने को लेकर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप डाकपाल मिथलेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि पोस्टल सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा को मनीष कुमार (स्वगताध्यक्ष) ने माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मानित किया। पोस्टल सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने सहायक डाक अधीक्षक अरुण मंडल के कार्य कलापों एवं उनके व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा आजकल अधिकारियों और उनके अधीनस्थ कर्मियों के बीच काफी गैप हो

रहा है जिससे सरकारी कार्यों के संपादन में अवरोध पैदा होता है। मुझे खुशी इस बात की है की अरुण मंडल जी की कार्यशैली से अधिकारी और कर्मी के बीच कोई गैप ही नहीं थी, जिसके कारण आपस में सामंजस्य स्थापित निरन्तर होता रहा और विभागीय कार्यों में आवश्यकता के अनुरुप तेजी बनी रही। उन्होंने अपने कर्मियों पर कल्याणकारी सहयोग करते रहे। डॉ अरविन्द वर्मा ने अरुण मंडल को प्रोन्नति मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा मैं इनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीघार्यु होने की कामना करता हूं। सहायक डाक अधीक्षक अरुण कुमार मंडल ने कहा वर्तमान परिस्थिति में कार्यों का संपादन हंसते हंसते करें, जिससे आपके स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने अपने कार्यकाल में कर्मियों से मिली सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया। आईपीपीपी बैंक के ब्रांच मैनेजर अशोक कुमार ने कहा अरुण मंडल सर के साथ कार्य करने में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसे मैं भी अपने जीवन में उतारूंगा। विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्थित डाक कर्मियों में प्रमुख थे धनजी पटेल, सुजीत कुमार, अनिल शर्मा, महबूब अली केसर, ओएस, मनीष कुमार, अशोक कुमार मैनेजर, आईपीपीबी, रविंद्र कुमार, बिपीन कुमार, मिथलेश कुमार, एसपीएम, विनय गुप्ता, बीपीएम गौरैया बथान, सत्यम उप डाकपाल, खगड़िया बाजार, अनिल मंडल, मनोज कुमार तथा प्रभाष आदि। धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार, खजांची ने किया।

माघ मेला में आये विदेशी सैलानियों द्वारा पुलिस के व्यवहार एवं बंदोबस्त की सराहना

भ्रमण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस की मुलाकात विदेशी सैलानियों से हुई

मुंबई हलचल / सांाददाता

माघ मेला, प्रयागराज। संगम की धरती पर माघ मास महीने के सभी स्नान पर्व सबसे महत्वपूर्ण व पुण्यदाई होते हैं देश के कोने कोने से भारी संख्या में जनसमूह प्रयागराज संगम में कल्पवास व स्नान करने के लिए आते हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र में कल्पवासियों/श्रद्धालुओं/स्नानार्थियो व विदेशी पर्यटको की सुरक्षा हेतु व्यापक पुलिस प्रबंध किए जाते हैं। संगम की धरती पर देश तो क्या विदेशों से भी सैलानी आते हैं और प्रयागराज माघ मेला की व्यापक व्यवस्था का लुफ्त उठाते हैं। भ्रमण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस की मुलाकात विदेशी सैलानियों से हुई। स्पेन से आये विदेशी सैलानियों के द्वारा द्विभाषिए के माध्यम से डॉ मिश्र से संवाद किया गया। विदेशी सैलानियों द्वारा बतलाया गया की ऐसी व्यवस्थाएं केवल भारत में देखने को मिलती हैं जहां लोग अपनी आस्था से इतने जुड़े हुए हैं। विदेशी सैलानियों के द्वारा पुलिस के व्यवहार एवं बंदोबस्त की सराहना की गई। कुल्हड़ कॉफी के लिए धन्यवाद कहते हुये सभी विदेशी अतिथिगणो द्वारा मुस्कराते कर 'बाय बाय पुलिस' बोला।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

इकरा एचजे थीम कॉलेज में भूगोल प्रश्नोत्तरी आयोजित

आंकड़ों व सर्वेक्षण संबंधी जानकारी में अहम है भूगोल : डॉ.चांद खान

मुंबई हलचल/संवाददाता

जलगाँव/संवाददाता। इकरा शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित एचजे थीम कॉलेज के भूगोल विभाग न छात्रों के बीच भूगोल विषय में ज्ञान व रुचि को बढ़ाने के लिए कॉलेज के सभी छात्रों के लिए 'जियो जेम' भूगोल प्रश्न पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। नसरीन बी. अनवर अली, प्रथम वर्ष विज्ञान को द्वितीय स्थान, शेख निदा आफरीन मोहम्मद रईस, द्वितीय वर्ष विज्ञान को पुरस्कृत किया गया

है। जबकि खान इरम फातेमा तस्लीम, द्वितीय वर्ष विज्ञान और निस्बा कौसर सैयद आसिफ, प्रथम वर्ष विज्ञान को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतू डॉ.इरफान शेख, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. अमीनुद्दीन काजी का काफी सराहनीय योगदान रहा है। परीक्षा के संयोजक डॉ. राजू गवरे, आयोजक महाविद्यालय के डॉ. प्रभारी प्राचार्य चाँद खान ने बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया है। डॉ. खान ने बताया कि समय -समय पर परीक्षा संबंधी कार्यक्रम छात्रों के लिए कॉलेज में आयोजित होते रहे है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 मार्च भी को कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर छात्र-छात्राएं व कॉलेज स्टाफ भी मौजूद रहा।

आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुफ्त चिकित्सा शिविर, मुफ्त बॉडी चेकअप, मुफ्त दवाई कैंप का आयोजन

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट का कैंप नं-10 भारत नगर, दानेश्वर नगर सोसायटी, बांद्रा (पूर्व) मुंबई में 25 फरवरी 2024 रविवार समयः- दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अयोजित मुफ़्त चिकित्सा शिविर, मुफ़्त बॉडी चेकअप, मुफ्त दवाई ये कैंप लाईफ लाईन मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल और आय. सी. युइब्राहिम शेख

बांद्रा तालुका अध्यक्ष आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ. विद्यासागर विश्वकर्मा और डॉक्टर अनुपम जी ये मुफ़्त मेडिकल कैंप भारत नगर, ज्ञानेश्वर नगर राजेंद्र नगर धनेश्वर सोसायटी, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 51 में लग गया जिसमें मौजुद रहे आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल.स.वाल्मीकर,पूजा सैनी आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट राष्ट्रीय महिला सचिव, इरशाद शेख मुंबई अध्यक्ष आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट मौलाना सिद्दीकी आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट जिल्हा महासचिव, रियाज खान मुंबई महासचिव आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट, इब्राहिम शेख बांद्रा तालुका अध्यक्ष आसरा चैरिटेबल ट्रस्ट और सब पद्य अधिकारी उपस्थित।

संविधान सेवा समिति द्वारा अयोजित मुफ़्त चिकित्सा शिविर मुफ़्त आयुष्मान कार्ड

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज जी की जयंती के शुभ अवसर पर,पद्मा भूषण पुरस्कार विजयेता मशहूर गजल गायक तलत महमूद जी के जन्म दिवस पर,केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस, तमिलनाडु पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता जी के जन्म दिवस पर 24 फरवरी 2024 शनिवार संविधान सेवा समिति द्वारा अयोजित मुफ़्त चिकित्सा शिविर,मुफ़्त आयुष्मान कार्ड, मुफ़्त ई-श्रम कार्ड सईद वाडी,पाइप रोड,कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 मुफ़्त शिविर अयोजित किया गया आदिल अंसारी, हमजा शेख,इमरान शेख,मो.हुसैन,महताब आलम,आसिफ खान,रेशमा खान,असगरी कुरैशी,करीम सर और इस मुफ़्त शिविर मे उपस्थित रहे सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) सतगुरु इंटरप्राइजेज, मो.शोएब खान,कुर्ला पोलीस स्टेशन के कांस्टेबल, अबू शाद कराटे (आत्मरक्षा)।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

दुबई से कपड़ों में स्प्रे करके लाया 50 लाख से अधिक का सोना

डॉक्टर बाबासाहब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में शुक्रवार सुबह एक यात्री को कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट व एयर कस्टम युनिट ने पकड़ा है। जब इसका बैग खोला गया तो उसमें ढेर सारे कपड़े थे। पुलिस ने जब तलाशी ली तो शक हुआ। पुलिस और कस्टम की टीम ने जांच तेज कर दी। पुलिस ने उस यात्री के बैग से निकले कपड़ों को फाड़ना शुरू कर दिया। इन कपड़ों के बीच सोने की परत थी, जो कपड़ो में स्प्रे करके चिपकाई गई थी। पुलिस ने यात्री के कपड़ों को सील कर दिया। पुलिस ने बताया आरोपी यात्री के पास से कुल 50 लाख 70 हजार का सोना पकड़ा गया है। इसके साथ ही पुलिस ने यात्री अब्बास के पास से 77 लाख रुपए के मोबाइल, स्मार्ट वॉच व सेफ्रॉन भी बरामद किया है। यह यात्री एयर अरेबिया की फ्लाइट जी9-415 में सवार था। इसका नाम मोहम्मद मोगर अब्बास है, जो शारजाह से नागपुर आया था। कस्टम विभाग को तस्करी की सूचना पहले से ही मिल गई थी। जब जांच की गई तो कुछ अनोखे तरह से तस्करी का मामला सामने आया। बता दें विदेशों से सोने की तस्करी के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई इंटरनेशनल एयरपोर्ट में कई तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मुंबई मॉरीशस फ्लाइट में 5 घंटे तक फंसे रहे यात्री

मॉरीशस की फ्लाइट की उड़ान से पहले यात्री अपने निर्धारित समय सुबह के 3 बजकर 45 मिनट पर सवार हो गए, यात्रियों के सवार होने के बाद से उन्हें फ्लाइट के इंजन में खराबी के बारे में पता चला। इंजन में हुई खराबी के बाद फ्लाइट में बैठे किसी भी यात्री को फ्लाइट से उतरने की परमिशन नहीं दी जा रही थी। फ्लाइट में खराबी होने की वजह से अंदर चलने वाले एयरकंडिशन के चलने में भी दिक्कत आ गई और वह भी पूरी तरह से बंद हो गई। सभी यात्री लगभग 5 घंटे से भी ज्यादा समय तक फ्लाइट के अंदर ही बैठे रह गए। इस दौरान फ्लाइट में सवार 78 साल के एक बुजुर्ग के साथ-साथ कई अन्य छोटे बच्चों को सासं की दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उनकी तबियत काफी खराब होने लगी। फ्लाइट में सवार एक यात्री ने बताया कि फ्लाइट में मौजूद 78 साल के एक बुजुर्ग की तबीयत काफी खराब हो गई थी। यात्री की पहचान बनुदत्त बूलाउकी नाम से की गई। काफी मशक्कत के बाद भी जब सिस्टम सही नहीं हो पाया तो कुछ समय बाद ही इस फ्लाइट को रद्द कर दिया गया और सभी यात्रियों को फ्लाइट से उतार दिया गया। फ्लाइट रद्द करने के बाद से अधिकारियों ने अन्य जरूरी सुविधाओं का इंतजाम किया। विमान में सवार एक यात्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान अपनी आपबीती सुनाई और बताया कि उड़ान आज सुबह 4:30 बजे रवाना होनी थी। यात्री सुबह 3।45 बजे विमान में चढ़े, लेकिन विमान के इंजन में खराबी आ गई। हम सभी 5 घंटे से ज्यादा समय तक फ्लाइट के अंदर रहे और उन्हें उतरने की परमिशन नहीं दी गई। उड़ान अब रद्द कर दी गई है और अन्य जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं।

नागपुर में फोटो जर्नलिस्ट की हत्या

बबलू पुणेकर शहर के कई बड़े अखबारों में फोटोग्राफर रह चुके हैं। शनिवार को दोपहर में एक शख्स हथियार लेकर उनके घर में घुसा और विनय को गोली मार दी। कातिल उनके घर में उस वक्त गया था जबकि घर के अंदर और कोई नहीं था। शख्स को गोली मारकर हत्या करने वाला शख्स मौके से फरार हो गया है। हालांकि आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है। दिनदहाड़े घर के अंदर घुसकर की गई हत्या के मामले से पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है। हत्या के बाद विनय के घर पर कई लोग इकट्ठा हुए और तुरंत पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई। पुलिस महकमे के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और तुरंत जांच टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठे किए गए। इतना ही नहीं पुलिस ने तुरंत आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया।

मस्जिद में रखी मूर्ति...पथराव-लाठीचार्ज

इमारत क्षतिग्रस्त होने की वजह से बीते कुछ वर्षों से यहां नमाज नहीं होती। बताया जा रहा है कि शनिवार को किसी ने इस मस्जिद के अंदर देव प्रतिमा और शिवलिंग लाकर रख दिया। सुबह जब से मुस्लिम समाज के किसी व्यक्ति ने देखा तो इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग इस मस्जिद के पास पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गया। देर शाम तक मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से पथराव शुरू हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं थे। ऐसे में पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इस घटना में दोनों पक्षों के दर्जनों लोग घायल हुए हैं। इनमें कई लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

तेजी से बढ़ी ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत, 11 सालों में पीछे छूट गए शहर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय ने भारतीय परिवारों के घरेलू खर्च को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सामने आया है कि भारतीय परिवारों का घरेलू खर्च पिछले 10 साल में दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। मासिक प्रति व्यक्ति खर्च (एमपीसीई) की इस रिपोर्ट से पता चला है कि भारतीय घरों में खाने के सामान पर कम और कपड़े, टीवी-फ्रिज और मनोरंजन जैसी चीजों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

भारतीय गेहूं, चावल और दालों सहित अनाज पर कम खर्च कर रहे हैं, लेकिन बेवरेज, रिफ्रेशमेंट और प्रोसेस्ड फूड पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय परिवारों का भोजन पर हर महीने खर्च 2011-12 की तुलना में 53 फीसदी से घटकर 46.4 फीसदी हो गया है। जबकि, खाने के बजाए दूसरे खर्च 47 फीसदी से बढ़कर 53.6 फीसदी हो गए हैं।

केंद्र सरकार ने 11 वर्ष बाद जारी की मासिक प्रति व्यक्ति खर्च की रिपोर्ट

सबसे कम खर्च कर रहे छत्तीसगढ़ के लोग

राज्यों की बात करे तो सिक्किम में शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी सबसे ज्यादा खर्च कर रही है। यहां एक ग्रामीण हर महीने 7731 और शहरी 12105 रुपए खर्च कर रहा है। दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ में एक ग्रामीण हर महीने 2466 और शहरी 4483 रुपए खर्च कर रहा है, जो सबसे कम है। खाने पर हर महीने का खर्च ग्रामीण इलाकों में 1750 और शहरी इलाकों में 2530 रुपए है।

शहरी लोगों के मुकाबले ग्रामीणों का खर्च बढ़ा

सर्वे के अनुसार, अगस्त-2022 से जुलाई-2023 के बीच ग्रामीण क्षेत्र में एक व्यक्ति का हर महीने खर्च बढ़कर 3773 रुपए हो गया है, जो 2011-2012 के पिछले सर्वे में 1430 रुपए था। इस दौरान शहरी क्षेत्र में हर महीने प्रति व्यक्ति खर्च बढ़कर 6459 रुपए हो गया है, जो पिछले सर्वे में 2630 रुपए था।

एफएमसीजी पर पड़ा दबाव

रिपोर्ट में कहा गया कि कीमतों में इजाफे का कारण फास्ट-मूविंग कंज्यूमर वस्तुओं (एफएमसीजी) पर ज्यादा दबाव पड़ा है। भारतीय परिवारों ने 2023 में बिस्कुट, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, जैम और फर्श क्लीनर आदि जैसी तेजी से बिकने वाली कंज्यूमर प्रोडक्ट्स पर 5.4 ट्रिलियन रुपए खर्च किए। 2019 के बाद से ये खर्च लगभग 45 फीसदी बढ़ गया है।

भोजन पर खर्च की हिस्सेदारी घटी

शहरी इलाको में रहने वाले परिवारों की बात करें तो मंथली खर्च में भोजन की हिस्सेदारी 42.6 फीसदी से घटकर 39.2 फीसदी रह गई है, जबकि खाने के अलावा अन्य सामानों की हिस्सेदारी 57.4 फीसदी से 60.8 फीसदी हो गई है। ये आंकड़े अगस्त-2022 से जुलाई-2023 के बीच किए गए अखिल भारतीय घरेलू उपभोग व्यय सर्वे में सामने आए हैं, जो सरकार ने 11 साल बाद जारी किए हैं।

देश की पहली बुलेट ट्रेन का रूट मैप तैयार

अंडरग्राउंड रेल टनल में समंदर के नीचे तय होगा 7 किमी का सफर

320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी ट्रेन

मुंबई-अहमदाबाद के बीच ये ट्रेन दूरी को केवल 127 मिनट में तय करेगी

अभी बस से सफर करने पर 9 घंटे और ट्रेन से 6 घंटे का समय लगता है

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में चल रहे बुलेट ट्रेन के काम का जायजा लिया

मुंबई हलचल / मुंबई

देश की पहली बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलेगी। गुजरात के बाद अब महाराष्ट्र में भी इसका काम तेजी से चल रहा है। जब यह ट्रेन मुंबई आएगी तो 21 किमी लंबी अंडरग्राउंड टनल से होकर मुंबई के आखिरी स्थान यानी बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स तक जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में चल रहे बुलेट ट्रेन के काम का जायजा लिया। रेल मंत्री ने शुक्रवार को मुंबई में बन रहे टनल के सेंटर प्वाइंट विक्रोली और आखिरी स्टेशन बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में निरीक्षण किया। विक्रोली में टनल में ब्लास्ट के बाद टनल का रास्ता बनाने का पहला स्टेप शुरू किया गया है। रेल मंत्री के मुताबिक देश और विदेश में इतना लंबा पहला टनल होगा जो 21 किलोमीटर का होगा। विक्रोली से नवी मुंबई के घनसोली और ठाणे के सील फाटा तक और विक्रोली से बीकेसी तक ये टनल होगी, यानी की ठाणे से मुंबई के बीकेसी तक 21 किलोमीटर की दूरी होगी और उसमे 7 किलोमीटर की दूरी समंदर के अंदर से तय की जाएगी। विक्रोली में अब तक लगभग 15 मीटर तक खुदाई हुई है।

इस प्रोजेक्ट में जापानी तकनीक 'शिंकानसेन' का उपयोग किया गया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया की 2026 तक सूरत से बिलिमोरा के बीच पहली बुलेट ट्रेन चलाने का टारगेट रखा गया है। इस प्रोजेक्ट में भारत को जापान से मदद मिल रही है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार बुलेट ट्रेन 320 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलेगी। इस प्रोजेक्ट में जापानी तकनीक 'शिंकानसेन' का उपयोग किया गया है। गुजरात के हिस्से में काम लगभग पूरा हो चुका है और महाराष्ट्र में आज सबसे प्रमुख सुरंग बनाने का काम शुरू किया जा रहा है।

गढ़कोट, किले हमारी विरासत हैं: मुख्यमंत्री

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवनेरी किले पर बोलते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का गढ़कोट किला हमारी विरासत हैं और हम इसे संरक्षित करने का प्रयास जरूर करेंगे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पहले चरण में शिवाजी महाराज से जुड़े विभिन्न 20 पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है, जिसमें रायगढ़ किले की तरह शिवनेरी को भी विकसित किया जाएगा। शिवनेरी किले में आयोजित शिवजन्मोत्सव समारोह के अवसर पर शिंदे बोल रहे थे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री और जिला पालक मंत्री अजीत पवार, सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, सांसद अमोल कोल्हे, विधायक अतुल बेंनके, पूर्व सांसद और म्हाडा के पुणे हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष शिवाजीराव आढलराव पाटिल उपस्थित थे। पूर्व विधायक शरद सोनवणे, संभागीय आयुक्त चंद्रकांत पुलकुंडवार, कोल्हापुर क्षेत्र के विशेष अधिकारी,पुलिस महानिरीक्षक सुनील फुलारी, जिला योजना समिति के सदस्य आशाताई बुचके, कलेक्टर डॉ.सुहास दिवसे, मुख्य वन संरक्षक एन. आर। प्रवीण, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश चव्हाण,जिला पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख,वन संरक्षक अमोल सातपुते,मराठा सेवा संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय घोगरे आदि भी मौजूद थे।

विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए झूठे आरोप लगा रहा

मुंबई। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए राज्य सरकार के उपक्रम महानंद डेयरी पर झूठे आरोप लगा रहा है। पवार यहां विभिन्न विभागों और स्थानीय शासी निकाय की जिला स्तरीय बैठकों में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा,विपक्ष ने आरोप लगाया है कि महानंद को गुजरात के आनंद स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपा जा रहा है। यह बिल्कुल झूठ है। महाराष्ट्र राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ लिमिटेड के एक उद्यम, महानंद को हाल के दिनों में घाटा हुआ है। वरिष्ठ राकांपा नेता ने कहा, यहां तक कि मैं भी एक समय महानंद का निदेशक था। उस समय इस संस्था का फिक्स्ड डिपॉजिट 150 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। पवार ने कहा, बाद में दूध उत्पादकों द्वारा चुना गया प्रबंधन महानंद को संभाल नहीं सका। हमने महानंद को पाउडर वाला दूध बनाकर अपना घाटा पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। लेकिन बात नहीं बनी। राज्य आगे (महानंद पर) निर्णय लेगा।

19 मई 2023 को 2000 के नोट चलन से बाहर करने की घोषणा की गई

दो हजार के नोट को वापस लेने का प्रभाव: फरवरी में चलन में मुद्रा की वृद्धि घटकर 3.7 प्रतिशत पर

मुंबई हलचल / मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2,000 के बैंक नोट को चलन से हटाने का प्रभाव दिखने लगा है। आंकड़ों के अनुसार, नौ फरवरी को समाप्त सप्ताह में चलन में मुद्रा की वृद्धि एक साल पहले के 8.2 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई है।

चलन में मुद्रा (सीआईसी) से तात्पर्य प्रचलन में मौजूद नोटों और सिक्कों से है। वहीं जनता के पास मौजूद मुद्रा से तात्पर्य बैंकों के पास जमा नकदी को घटाकर प्रचलन में मौजूदा नोटों और सिक्कों से होता है। आरबीआई के अनुसार, वाणिज्यिक बैंकों के पास जमा में जनवरी में दो अंक में वृद्धि हुई है।

करेंसी की जरूरत घटाने में मदद मिली

इसकी वजह भी 2,000 के नोटों को हटाना है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आरक्षित मुद्रा (आरएम) की वृद्धि नौ फरवरी, 2024 को घटकर 5.8 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 11.2 प्रतिशत थी।आरएम में सीआईसी के अलावा आरबीआई के पास बैंकों की जमा राशि और केंद्रीय बैंक के पास अन्य जमा शामिल हैं।

19 कार्यालयों में मुद्रा बदलने का विकल्प

बाद में इस समयसीमा को सात अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया था। आठ अक्टूबर, 2023 से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा बदलने या उनके बैंक खातों में उतनी ही राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया था। नवंबर, 2016 में नोटबंदी की घोषणा के बाद 2,000 का नोट लाया गया था।

- 31 जनवरी 2023 तक चलन से 97 .5 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस
- केवल 8,897 करोड़ रुपए मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास

सितंबर 2023 तक बदलने कहा गया था

31 जनवरी तक, 2,000 रुपये के लगभग 97.5 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए थे, और केवल 8,897 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर चलन में 2,000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। ऐसे नोट रखने वाली जनता और इकाइयों को शुरू में 30 सितंबर, 2023 तक इन्हें बदलने या बैंक खातों में जमा करने के लिए कहा गया था।

3.7 फीसदी अभी बाकी: *आरएम के सबसे बड़े खंड सीआईसी की वृद्धि एक साल पहले के 8.2 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई। इसकी वजह स्पष्ट रूप से 2,000 रुपये के बैंक नोटों को वापस लेना है। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।*

रेरा पर माल एवं सेवा कर नहीं लगेगा

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद जल्द ही यह स्पष्ट कर सकती है कि रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। एक अधिकारी ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र का नियामक रेरा संविधान के अनुच्छेद 243जी के अंतर्गत आता है, जो पंचायतों की शक्तियों, अधिकार और जिम्मेदारियों से संबंधित है। रियल एस्टेट परियोजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और विवादों शीघ्र निपटान के लिए एक निर्णय तंत्र के रूप में विभिन्न राज्यों में रेरा की स्थापना की गई है। अधिकारी ने कहा कि रेरा के अधिकारियों के साथ उनके कामकाज की प्रकृति के बारे में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि उनपर जीएसटी लागू नहीं होगा। अधिकारी ने आगे कहा कि रेरा को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा वित्तपोषित किया जाता है और इसलिए जीएसटी लगाने का मतलब राज्य सरकारों पर कर लगाना होगा।

आचार संहिता से पहले बैठक संभव

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता और राज्यों के मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद की बैठक हो सकती है। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर 2023 को हुई थी।

पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.7 लाख टन हो गया है। उद्योग निकाय इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कागज मिलें प्रभावित हुई हैं। आईपीएमए ने वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कागज और पेपरबोर्ड का आयात लगभग 10.7 लाख टन था।

आईपीएमए ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में मात्रा के लिहाज से इस जिंस के आयात में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 14.4 लाख टन हो गया था। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष में दिसंबर तक के आंकड़े इसे भी पार कर गए हैं। आईपीएमए के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा,

- चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में 14 .7 लाख टन कागज का आयात

''भारी मात्रा में कागज और पेपरबोर्ड के आयात से 'मेक-इन-इंडिया' अभियान और साथ ही पांच लाख प्रतिबद्ध किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है।''

अग्रवाल ने कहा कि भारत में लगभग सभी श्रेणियों के कागज बनाने के लिए घरेलू क्षमता पर्याप्त है और इस तरह अंधाधुंध आयात से देश की अधिकांश पेपर मिलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

देश में 900 से अधिक पेपर मिलें

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 900 से अधिक पेपर मिलों में केवल 553 ही चालू हैं। आईपीएमए ने कहा कि आयात में वृद्धि की मुख्य वजह आसियान देशों से कागज और पेपरबोर्ड के आयात में 142 प्रतिशत की भारी वृद्धि है, जो आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते के तहत शून्य आयात शुल्क पर यहां आती हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

10 साल के बच्चे को गुलदार ने बनाया शिकार

माता-पिता की लाख कोशिशों के बाद भी नहीं बच सका 'चिराग'

मुंबई हलचल/संवाददाता

देहरादून। गलज्वाड़ी के पास जंगल में स्थित गुज्जर बस्ती में गुलदार ने 10 वर्ष के बच्चे को निवाला बना लिया। बच्चे के माता-पिता ने बच्चे को गुलदार के मुंह से छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस और वन विभाग की टीम गश्त में जुटी हैं। बच्चे के शव को ले जाने को ले कर बस्तीवासियों ने देर रात जमकर हंगामा किया। पुलिस के साथ झड़प की भी सूचना है। रविवार को मडारी गांव की गुज्जर बस्ती में 10 साल का रियासत देर रात घर के पास ही लघुशंका करने गया था। जहां झाड़ियों में घात लगाकर बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। चीखने पर बच्चे के पिता मीरहमजा अन्य लोगों के साथ बाहर आए और गुलदार के जबड़े से बच्चे को छुड़ाने

का प्रयास किया। शोर सुनकर बस्ती के अन्य लोग भी वहां आ गए। जिस पर गुलदार बच्चे को छोड़कर जंगल में भाग गया। बुरी तरह घायल बच्चे को जब तक अस्पताल ले जाया जाता, उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बस्ती में बच्चे की मौत से कोहराम मच गया। अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी से आगे सिंगली गांव से चार साल के आयांश को गुलदार उठाकर ले गया था। घर के पास ही उसका क्षत विक्षत शव मिला था। तब से ही क्षेत्र में वन विभाग गुलदार की तलाश कर रहा था, लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा था। बताया जा रहा है कि उसी गुलदार ने अब गलज्वाड़ी में बच्चे पर हमला किया। मरोड़ी गांव के निवासियों ने बच्चे की मौत के बाद जमकर हंगामा किया। पुलिस और वन कर्मियों का घेराव करते हुए उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से गुलदार क्षेत्र में घूम रहा था और शिकायत के बावजूद कोई करवाई नहीं को गई। बताया कि गुलदार पिछले कुछ दिनों में पांच बार हमले का प्रयास कर चुका है। करीब एक माह से संतला देवी, गलज्वाड़ी समेत आसपास के क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी की सूचना मिल रही थी। जिस पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम और मालसी वन रेंज की टीम लगातार गश्त कर रही थी, लेकिन गुलदार पकड़ में नहीं आया और अब ये घटना हो गई।

देहरादून के बाद पंतनगर से भी हवाई सेवा शुरू, अब मात्र 50 मिनट में पिथौरागढ़ पहुंच सकेंगे आप, आज पहली उड़ान

मुंबई हलचल/संवाददाता

पिथौरागढ़। देहरादून-पिथौरागढ़ के बाद अब पंतनगर के लिए भी फ्लाई बिग कंपनी ने हवाई सेवा शुरू कर दी है। सोमवार यानि आज से पिथौरागढ़ से पंतनगर के लिए पहली फ्लाइट चलेगी। पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच यह दूरी मात्र 50 मिनट में तय की जा सकेगी। सीमांत जनपद में हवाई सेवा का शुभारंभ विगत 30 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। दो फरवरी से व्यावसायिक उड़ान शुरू हुई। अभी तक कंपनी की ओर से सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को इस सेवा का संचालन किया जा रहा है। खराब मौसम के चलते अभी तक पंतनगर-पिथौरागढ़ के लिए यह सेवा

शुरू नहीं हो पाई थी। अब मौसम ठीक रहने पर कंपनी ने पंतनगर के लिए भी सेवा शुरू कर दी है। सोमवार को कंपनी का विमान पिथौरागढ़ से 12 बजकर 15 मिनट में पंतनगर के लिए रवाना होगा और वहां 1 बजकर पांच मिनट में पहुंचेगा। इसके बाद पंतनगर से 2 बजकर 5 मिनट में पिथौरागढ़ के लिए विमान उड़ान भरेगा। पहली फ्लाइट में कंपनी की वेबसाइट पर इस रूट का टिकट 1048 दिखा रहा है। पंतनगर-पिथौरागढ़ के लिए विमान सेवा का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। रविवार को देहरादून-पिथौरागढ़ के लिए विमान सेवा आपरेशनल कारणों से बाधित रही। पहले यह सेवा शुक्रवार से मंगलवार तक लगातार पांच दिन संचालित की जानी थी। छह दिन बाद बीते शुक्रवार को देहरादून व पिथौरागढ़ के लिए यह सेवा सुचारू हुई। जिसके बाद शुक्रवार व शनिवार को दो शिफ्ट में हवाई सेवा का संचालन किया गया, लेकिन रविवार को विमान से देहरादून उड़ान नहीं भर सका।

उत्तराखंड में सुलग रहे जंगलों का जिम्मेदार कौन?

नैनीताल। शीतकाल में मौसम की बेरुखी जंगलों पर भारी पड़ रही है। ठंड अभी बरकरार है, मगर ठंडे मौसम के गर्म होते पारे से जंगल तबाह हो रहे हैं। बर्फबारी और वर्षा नहीं होने से जंगल सूखे पड़े हैं। जिसका सीधा असर फायर सीजन की शुरूआत में ही दिखने लगा है। नैनीताल वन प्रभाग में शुरू हो चुकी वनाग्नि की घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी हैं। वहीं, फायर सीजन के पीक समय पर प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के दौरान कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में चुनौती बढ़नी तय है। 15 फरवरी से फायर सीजन की शुरूआत मानी जाती है। नैनीताल में शीतकाल के दौरान अच्छी बर्फबारी और वर्षा हो जाने से वनाग्नि की घटनाएं एक माह बाद सामने आती हैं। मगर इस वर्ष परिस्थितियां विपरीत बनी हुई हैं। पूरे शीतकाल में एक बार भी बर्फबारी नहीं हुई, वहीं पांच माह में मात्र 43 मिमी वर्षा ही रिकार्ड की गई है। कम वर्षा होने के कारण जंगल सूखे पड़े हैं। चीड़ के वृक्षों वाले इन जंगलों में फायर सीजन के शुरूआती दौर में ही वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी हैं। शनिवार शाम शहर के समीपवर्ती खुपार्ताल क्षेत्र के जंगलों में आग लग गई। रात तक पूरा जंगल आग की लपटों से घिर गया।

राजस्थान हलचल

मेघवंशी समाज ने थानाधिकारी शम्भूगढ को न्याय की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

मुंबई हलचल/भैरु सिंह राठौड़

राजस्थान। मेघवंशी समाज के रामद्वारा संग्रामगढ़ के सानिध्य में आज दिनांक 25फरवरी कों थाना अधिकारी रविंद्र सिंह को ज्ञापन देकर मांग की है कि खेजड़ी के तुलसीराम पिता सांवरलाल मेघवंशी के परिवार परिवार जनों के साथ कातिलाना मारपीट करने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है समाज के लोगों ने मांग की है कि तुलसीराम के साथ समाज के कुछ लोगों ने मिलकर जो कातिलाना हमला किया है उनके आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए यदि पुलिस गिरफ्तार नहीं नहीं करती है तो जिला स्तरीय आंदोलन किया जाएगा तुलसीराम अभी जिंदगी और मौत के बीच सवाई मानसिक अस्पताल में भर्ती है जबकि आरोपी अभी खुले में घूम रहे हैं जापान देते वक्त राम द्वारा संग्रामगढ़ कमेटी के अध्यक्ष बहादुर मेघवंशी सुंदरलाल मेघवाल जिला परिषद सदस्य सुरेश मेघवंशी भूतपूर्व सरपंच रूपपुरा ,नारायण भाटी ,गुलराज बरसनी श्रीराम मालासेरी नागजीराम, हीरा लाल, प्रेमराज, हीरा लाल, सांवर लाल मेघवंशी खेजड़ी लादूराम मेघवंशी दातडा बांध,गोपी भेरूलाल, मोहन लाल केरिया खेड़ा ,देवी लाल जीवार गोपी लाल मेघवंशी गोपी जी, लादूलाल बरसनी गोपाल लाल, चुन्नी लाल जेतपुरा, संदीप सोनवा, घीसुलाल रामसुख गोवर्धन निहाल आमेसर सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार रामसुख मेघवंशी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

यूपी हलचल

कानपुर से सरेआम अपहृत 2 साल के मासूम का सुराग नहीं, तलाश में जुटी पुलिस

कानपुर। इस महानगर मेंअब घर के बाहर खेलने वाले बच्चे भी सुरक्षित नहीं है। वह आजकल अपहरणकताओं के निशाने पर हैं। ऐसी ही एक घटना में बाइक सवार बदमाशों ने अपने बड़े भाई व बहन के साथ खेल रहे दो वर्षीय मासूम का माल रोड से अपहरण कर लिया। सूचना पर सकरी हुई पुलिस को अभी तक उसका कोई शुरूआत नहीं मिल पाया है। घटना के बाद उसके परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस का कहना है कि उसे जल्द ही सफल बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार फुटेज देखने से पता चला है कि अपहर्ता काले रंग की पैशन प्रो से आए थे। इसके अलावा बाइक की नंबर टूट हुई थी। स्वजन की तहरीर पर अपहरण की रिपोर्ट दर्जकर सीसी फुटेज देखे जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से उन्नाव के सफीपुर निवासी छोटू राजपूत पिछले करीब 20 साल से फूलबाग फलमंडी के पास रहते हैं। परिवार में पत्नी गुड्डा, 12 वर्षीय बेटी वैष्णवी, आठ वर्षीय बेटी पल्लवी, छह वर्षीय बेटा शिब्बू और दो साल का बेटा कार्तिक है। छोटू सहालगों में वेटर का काम करने के साथ ही सब्जी का ठेला भी लगाते हैं। बताया गया की घटना के समय कार्तिक बड़ी बहन वैष्णवी और भाई शिब्बू के साथ फुटपाथ पर खेल रहा था। तभी अचानक बाइक सवार दो बदमाश आए, पीछे बैठे बदमाश ने मास्क लगा रखा था। उसने कार्तिक को पुचकारकर अपने पास बुलाया। बच्चे के पास आते ही उसे उठाकर बाइक पर बैठा लिया और उल्टी दिशा में एलआइसी बिल्डिंग की ओर लेकर भाग खड़े हुए।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

बॉडी स्क्रब इस्तेमाल करने के लिए फॉलो करें ये तीन स्टेप्स, मिलेंगे ज्यादा बेनिफिट्स

हर कोई रोजाना बॉडी वॉश या फिर साबुन का इस्तेमाल करते हुए नहाता हैं। लेकिन फिर भी स्किन पर मौजूद डेड स्किन सेल्स को हटाने से लेकर उसे एक रिफ्रेश लुक देने के लिए बॉडी स्क्रब करना बहुत जरूरी हो जाता है। वहीं कई महिलाओं को टेनिंग या फिर हाथ पैरों के रंग में फर्क होता है उनके लिए बॉडी स्क्रब खूब फायदेमंद होता है। ये स्किन हाइड्रेशन को बढ़ावा देता है। बॉडी स्क्रब करने के बाद मॉइश्चराइजर भी अच्छे से काम करता है। वहीं जब आप बॉडी स्क्रब करते समय होने वाली मसाज से स्ट्रेस दूर होता है। हालांकि, ये फायदे तब ही मिलते हैं जब सही तरह से इनका इस्तेमाल किया जाए। कई बार महिलाएं बहुत ज्यादा हार्श हो जाती हैं जिसकी वजह से स्किन पर लालपन, जलन, खुजली और अन्य कई प्रॉब्लम्स होती हैं। इन सभी समस्याओं से बचने के लिए बॉडी को सही तरह से स्क्रब करें। चलिए जानते हैं बॉडी स्क्रब को इस्तेमाल करने के स्टेप्स–

गर्म शावर

अगर आप बॉडी स्क्रब को यूज करने का मन बना रही हैं तो आप गर्म पानी से शावल लेंष स्टीम वाले शॉवर के ठीक बाद अपने शरीर को एक्सफोलिएट करें। ऐसा करने से स्किन को काफी बेनिफिट्स मिलते हैं। शावर से निकलने वाली भाप छिद्रों यानि पोर्स को खोल देती है और इस कारण रिजल्ट बेहतर होते हैं। इसके अलावा गर्म पानी स्किन को सॉफ्ट बनाने में मदद करता है। जिसकी वजह से स्क्रबिंग अच्छे से होती है।

ऐसे करें अप्लाई

स्क्रब करने के लिए थोड़े से स्क्रब को लेकर अप्लाई करें। इसके लिए थोड़ा सा बॉडी स्क्रब लेकर बॉडी पर अप्लाई करें। इसे स्किन पर सर्कुलर मोशन में अप्लाई करें और इसकी शुरूआत पैरों से कर सकते हैं। आप स्क्रब करने के लिए हाथों की या फिर लूफा की मदद ले सकती हैं। हालांकि, ऐसा करते समय ध्यान रखें की आप अपनी स्किन पर जेंटल रहें। स्किन को जोर से रगड़ने से परेशानी हो सकती है।

बॉडी करें मॉइश्चराइज

बॉडी को एक्सफोलिएट करने के बाद किसी मॉइश्चराइज का इस्तेमाल करें। एक्सफोलिएशन बॉडी को ड्राई बना देता है। ऐसे में लोशन स्किन को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है। बॉडी लोशन को हमेशा हल्की डैंप स्किन पर ही अप्लाई करें।

जुकाम वाला वायरस म्यूटेशन के बाद बना ओमिक्रॉन

कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट को काफी संक्रामक माना जा रहा है। लेकिन इसके लक्षण सामान्य सर्दी-जुकाम जैसे हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि ऐसा इसलिए क्योंकि ओमिक्रॉन ने जिस अन्य वायरस के जेनेटिक मेटेरियल से मिलकर म्यूटेशन किया होगा, वह सामान्य जुकाम वाला वायरस हो सकता है। शोधकताओं ने कहा कि यह जेनेटिक सीक्वेंस कई अन्य वायरस में आराम से मिलता है, जिनमें सामान्य सर्दी-जुकाम भी आता है। यह ह्यूमन जीनोम में भी पाया जाता है। इसका मतलब यह हो सकता है कि वायरस अधिक आसानी से फैल सकता है। जबकि केवल हल्के या बिना लक्षण वाले रोग का कारण ही बन सकता है। मैसाचुसेट्स-बेस्ड डाटा एनालिटिक्स फर्म नेफरेंस के वेंकी सुंदरराजन ने कहा कि इस म्यूटेशन के साथ ही ओमीक्रोन खुद को अधिक मानवीय बना सकता है। जो इसे मानव प्रतिरक्षा प्रणाली के हमले से बचने में मदद करेगा। वेंकी सुंदरराजन ने ही इस अध्ययन का नेतृत्व किया है।

बेहद हल्के लक्षण

दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन से संक्रमित ज्यादातर मरीजों ने केवल गंभीर सिरदर्द, चक्कर आना और हाई पल्स रेट का ही अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि ओमिक्रॉन वेरिएंट के जितने भी मरीजों को देखा गया है उनमें लक्षण बेहद हल्के हैं। जिन भी मरीजों में लक्षण दिखाई दिए हैं वो ज्यादातार युवा हैं।

ऐसे हुआ नया म्यूटेशन

सुंदरराजन और उनके साथियों ने अपने अध्ययन में बताया कि यह नया म्यूटेशन पहली बार दोनों रोगजनकों से संक्रमित व्यक्ति में हुआ होगा। जो सार्स-कोव-2 और अन्य वायरस से संक्रमित रहा हो। ऐसा ही जेनेटिक सीक्वेंस कई बार लोगों में सर्दी का कारण बनने वाले एक कोरोना वायरस में दिखाई देता है, जिसे एचसीओवी- 229ई के रूप में जाना जाता है। यही जेनेटिक सीक्वेंस कई बार एक ऐसे वायरस में बार-बार नजर आता है जो आम सर्दी देता है।

बूस्टर डोज के बजाय दोनों खुराक देने की जरूरत

संक्रमण के प्रति आधारभूत सुरक्षा मिलनी बाकी है। इसलिए कोरोना टीके की बूस्टर खुराक देने की बजाय लाभार्थियों को दोनों खुराक देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

केरोग प्रतिरोधक क्षमता वैज्ञानिक विनीता बल ने कहा कि हमारे यहां 18 साल से कम उम्र के लोगों की बड़ी आबादी है। जब तक इन्हें टीका नहीं दिया जाता, दूसरी खुराक के लिए एक समान नीति या तीसरी खुराक का सुझाव देना बेमानी है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़े स्तर पर टीकाकरण मार्च 2021 में ही शुरू हुआ है। हमें भारत में सभी लाभार्थियों को टीके की दोनों खुराक देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के सत्यजीत रथ ने कहा कि हाल के अध्ययन में प्रतिरक्षा की अवधि और सुरक्षा में अंतर दिखने लगा है। इसलिए मैं इन आंकड़ों के आधार पर बूस्टर खुराक के बारे में जल्दबाजी में कोई निश्चित राय नहीं दे सकता।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

कैटरीना कैफ का फिटनेस सीक्रेट

कैटरीना कैफ भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक प्रमुख एक्ट्रेस हैं। उनकी खूबसूरती और आकर्षण लोगों को दीवाना बना रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी खूबसूरती का राज क्या है? वे दिनभर में कैसे अपनी डाइट पर ध्यान देती हैं, जिससे उनकी स्किन और सेहत ऐसी चमकीली बनी रहती है? कैटरीना नाश्ते में आमतौर पर ओटमील, दलिया, अनार का जूस या अंडे खाती हैं। ये सभी चीजें पौष्टिक होती हैं और दिन की शुरूआत के लिए ऊर्जा देती हैं। दोपहर के भोजन में हल्का और घर का बना खाना पसंद करती हैं। इसमें इडली, पेपर डोसा, उबले हुए ब्राउन राइस, दाल और सब्जियां शामिल हो सकती हैं। कैटरीना शाम के नाश्ते में हल्का और हेल्दी कुछ खाती हैं, जैसे ओटमील बिस्कुट या फलों के साथ ड्राई फ्रूट्स।

रितिक रोशन बोले- मैं उस तरह का अभिनेता हूं जो खुद अपनी लाइफ से सीखता है

बॉलीवुड सुपरस्टार रितिक रोशन कभी भी एक्शन से दूर नहीं रहते हैं और वह हमेशा अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करते रहते हैं। अभिनेता अपनी फिल्म 'फाइटर' के लिए पूरी तरह से तैयार है और रितिक, जो इससे पहले भी सिद्धार्थ आनंद के साथ काम कर चुके हैं, उन्होंने अब एक अभिनेता के रूप में काम करने की अपनी प्रक्रिया पर खुलकर बात की है। बातचीत के दौरान, रितिक से पूछा गया कि क्या वे सच में किसी तरह के इमोशन्स को महसूस करते हैं या वह अपनी भूमिका निभाने के लिए किसी तरह के शानदार तरीके को अपनाते हैं। इस पर स्टार ने जवाब दिया, हर अभिनेता का अपना प्रोसेस होता है, ऐसा कोई प्रोसेस नहीं है जो गलत हो। रितिक ने कहा, मैं उस तरह का अभिनेता हूं जो खुद अपनी लाइफ से सीखता है। मैं आमतौर पर अपनी यादों और अनुभवों के माध्यम से गुजरता हूं और कैमरे पर कुछ लाने की कोशिश करता हूं जो मेरा सीक्रेट है, यह मेरे दिमाग में है। इमोशन्स रियल है क्योंकि मैं इसे महसूस कर सकता हूं, यह मेरी लाइफ और मेरे अनुभव से है।

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर फरार घोषित

फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की कंपनी मैनेजर मालविका पंजाबी, धोमिल ठक्कर और एडगर्ल सकारिया को मुरादाबाद की सेशन कोर्ट ने फरार घोषित करते हुए उनके खिलाफ संपत्ति कुर्की के आदेश दिए हैं। पूरा मामला 2019 के एक धोखाधड़ी केस जुड़ा है। इस मामले में मुरादाबाद के इवेंट कंपनी के संचालक प्रमोद शर्मा ने सोनाक्षी सिन्हा की कंपनी के खिलाफ कटघर थाने में केस दर्ज करवाया था। इस मामले में सोनाक्षी सिन्हा को हाईकोर्ट से 28 फरवरी तक स्टे मिला हुआ है, दरअसल, 2019 में एक प्रोग्राम के लिए इवेंट कंपनी के संचालक प्रमोद शर्मा ने सोनाक्षी सिन्हा के मैनेजर मालविका पंजाबी से संपर्क किया था। जिसके बाद धोमिल ठक्कर और एडगर्ल सकारिया ने प्रमोद शर्मा से डील पक्की की। तय डील के मुताबिक पैमेंट भी कर दिया गया, लेकिन सोनाक्षी सिन्हा उस प्रोग्राम में नहीं पहुंची। जिसके बाद 22 फरवरी 2019 को प्रमोद शर्मा की तरफ से धोखाधड़ी का केस कटघर थाने में दर्ज करवाया गया। इस मामले में बार-बार तलब किए जाने के बाद भी तीनों आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुए। जिसके बाद कोर्ट ने उनकी संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया।